संख्याः 191 /(25)/यू0एस0आर0एल0एम0/आर0डी0/2013

प्रेषक,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
यू0एस0आर0एल0एम0,
उत्तराखण्ड।

सेवा में,

1— **समस्त मुख्य विकास अधिकारी,**
उत्तराखण्ड।

2— **समस्त परियोजना निदेशक,**
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
उत्तराखण्ड।

3— **समस्त जिला मिशन प्रबन्धक/सहायक परियोजना निदेशक,**
यू0एस0आर0एल0एम0,
उत्तराखण्ड।

यू0एस0आर0एल0एम0, ग्राम्य विकास देहरादून दिनांक 30 जून, 2014

महोदय,

कृपया पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या—111/25/यू0एस0आर0एल0एम0/ग्रा0वि0वि0/2013, दिनांक 17 दिसम्बर, 2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत सी0आर0पी0 चयन हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों का उल्लेख करते हुए पूर्व में गठित गुणवत्ता युक्त, कियाशील महिला स्वंय सहायता समूहों अथवा उनके फेडरेशन से सी0आर0पी0 हेतु विकासखण्ड स्तर पर सहायक परियोजना निदेशक/जिला मिशन प्रबन्धक की अध्यक्षता में समिति गठित कर योग्य महिलाओं का चयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये थे।

जैसा आपको विदित है कि सी0आर0पी0, एन0आर0एल0एम0 के क्रियान्वयन का एक अभिन्न एवं महत्वपूर्ण आधार है, यदि इनके चयन में शिथिलता अथवा चयन मानदण्डों की अनदेखी कर सी0आर0पी0 हेतु महिलाओं का चयन किया जाता है तो ऐसे सी0आर0पी0 द्वारा एन0आर0एल0एम0 के क्रियान्वयन में तृणमूल स्तर पर कार्य किया जाना तथा उनसे अपेक्षित सहयोग लिया जाना कदापि संम्भव नही होगा।

इस सम्बन्ध में पुनः आपको अवगत कराना है कि एन0आर0एल0एम0 के क्रियान्वयन हेतु सी0आर0पी0 के चयन हेतु पूर्व में निर्धारित मानदण्डों का पूर्णतयाः पालन सुनिश्चित किया जाए एवं पूर्व निर्धारित मानदण्डों (छायाप्रति संलग्न) के आधार पर ही सी0आर0पी0 का चयन किया जाए। सघन विकासखण्डों वाले जनपदों में एस0आर0एल0एम0 स्तर से प्रत्येक जनपद के लिए पूर्व में ही निम्नानुसार नोडल अधिकारी नामित किये गये है :—

1—	श्री एस0सी0शर्मा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी	—	देहरादून
2—	श्री आशीष पुनेठा, राज्य प्रबन्धक (वित्त एवं प्रोक्योरमेंट)	—	पिथौरागढ़
3—	डॉ0 प्रभाकर बेबनी, सी0ओ0ओ0	—	पौडी
4—	श्री रविकान्त पाण्डेय, विपणन प्रबन्धक	—	नैनीताल
5—	श्री विनोद मिश्र, राज्य प्रबन्धक (मानव संसाधन)	—	उधमसिंहनगर
6—	श्री मिलिन्द सक्सेना, राज्य प्रबन्धक (आई0बी0सी0बी0)	—	चमोली।

—2—

अतः इन जनपदों में सी0आर0पी0 चयन हेतु संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा भी चयन समिति में राज्य स्तरीय सदस्य के रूप में प्रतिभाग कर जनपदों को अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

30/06/14

(एच0बी0थपलियाल)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
2– अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3– परियोजना निदेशक, समेकित आजीविका सहायतित परियोजना, बसन्त विहार, देहरादून।
4– अधिशासी निदेशक, हिमोत्थान (SRTT) बसन्त विहार, देहरादून।

(एच0बी0थपलियाल)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी।